# केन्द्रीय विद्यालय संगठन लखनऊ

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा -2023-24

### विषय – हिन्दी कक्षा - आठवीं

**समय: 2.30 घण्टे**
**पूर्णांक: 60**

**सामान्य निर्देश –**

1. **प्रश्नपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**
2. **सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है ।**
3. **समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए निर्देशानुसार उत्तर लिखिए ।**

**प्र01 निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए :-**
(5x1=5)

वर्तमान विद्यार्थी जीवन को मानव जीवन की रीढ़ की हड्डी कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। विद्यार्थी काल में बालक में जो संस्कार पड़ जाते हैं, जीवन भर वही संस्कार अमिट रहते हैं। इसलिए यही काल आधारशिला कहा गया है। यदि यह नींव दृढ़ बन जाती है तो जीवन सुदृढ़ और सुखी बन जाता है। यदि इस काल में बालक कष्ट सहन कर लेता है तो उसका स्वास्थ्य सुन्दर बनता है। यदि मन लगाकर अध्ययन कर लेता है तो उसे ज्ञान मिलता है, उसका मानसिक विकास होता है। जिस वृक्ष को आरम्भ से सुन्दर सिंचन और खाद मिल जाती है, वह पुष्पित और पल्लवित होकर संसार को सौरभ देने लगता है। इसी प्रकार विद्यार्थी काल में जो बालक श्रम, अनुशासन, समय एवं नियमन के साँचे में ढल जाता है, वह आदर्श विद्यार्थी बनकर सभ्य नागरिक बन जाता है। सभ्य नागरिक के लिए जिन-जिन गुणों की आवश्यकता है उन गुणों के लिए विद्यार्थी काल ही तो सुन्दर पाठशाला है। यहाँ पर अपने साथियों के बीच रहकर वे सभी गुण आ जाने आवश्यक हैं जिनकी विद्यार्थी को अपने जीवन में आवश्यकता होती है।

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए:-

(i) मानव जीवन की रीढ़ की हड्डी किसे कहा गया है ?

(क) विद्यार्थी को (ख) विद्यार्थी काल को

(ग) पाठशाला को (घ) नागरिक को

(ii) मन लगाकर पढ़ने से विद्यार्थी को क्या लाभ होता है ?

(क) उसका शारीरिक विकास होता है (ख) उसका मन प्रसन्न रहता है

(ग) वह स्वस्थ रहता है (घ) उसे ज्ञान मिलता है तथा मानसिक विकास होता है


https://www.evidyarthi.in/

(iii) विद्यार्थी की तुलना किससे की गई है ?

(क) वृक्ष से (ख) ज्ञान से

(ग) संस्कार से (घ) अनुशासन से

(iv) सभ्य नागरिक के लिए किन गुणों की आवश्यकता होती है ?

(क) कष्ट सहन करने की (ख) अच्छे स्वास्थ्य की

(ग) श्रम अनुशासन, समय तथा नियमन की (घ) प्रसन्नता की

(v) 'पुष्पित' में प्रत्यय है -

(क) त (ख) पित

(ग) इत (घ) ष्पित

प्र02 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए:-
(5x1=5)

यह कदंब का पेड़ अगर माँ होता यमुना तीरे,
मैं भी उस पर बैठ कन्हैया बनता धीरे-धीरे।
ले देती यदि मुझे बाँसुरी तुम दो पैसे वाली,
किसी तरह नीचे हो जाती, यह कदंब की डाली।
तुम्हें नहीं कुछ कहता, पर मैं चुपके-चुपके आता,
उस नीची डाली से अम्मा ऊँचे पर चढ़ जाता।
वहीं बैठ फिर बड़े मजे से मैं बाँसुरी बजाता,
अम्माँ अम्माँ कह बंसी के स्वर में तुम्हें बुलाता।

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिये -

(i) बच्चा यमुना नदी किनारे किस पेड़ के होने की बात कहता है ?

(क) नीम (ख) कदम्ब

(ग) बरगद (घ) पीपल

(ii) बच्चा अपनी माँ से क्या लेने की इच्छा व्यक्त करता है ?

(क) गेंद (ख) बाँसुरी

(ग) गुड़िया(घ) कुछ नहीं

(iii) बच्चा पेड़ की डाली पर बैठकर क्या करना चाहता है ?

(क) फल खाना (ख) फूल तोड़ना

(ग) गीत गाना (घ) बाँसुरी बजाना



https://www.evidyarthi.in/

(iv) बाँसुरी की कीमत गद्यांश में कितनी बताई गई है ?

(क) पाँच पैसे (ख) तीन पैसे

(ग) दो पैसे(घ) चार पैसे

(v) इस काव्यांश का उचित शीर्षक हो सकता है-

(क) बालक की अभिलाषा (ख) बाँसुरी

(ग) कदम्ब का पेड़ (घ) कन्हैया

प्र03 पाठ्य पुस्तक से दिए गए निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए:- (1x5=5) हुआ यह है कि इस देश के कोटि-कोटि दरिद्रजनों की हीन अवस्था को दूर करने के लिए ऐसे अनेक कायदे-कानून बनाए गए हैं जो कृषि, उद्योग, वाणिज्य, शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति को अधिक उन्नत और सुचारू बनाने के लक्ष्य से प्रेरित हैं, परन्तु जिन लोगों को इन कार्यों में लगना है, उनका मन सब समय पवित्र नहीं होता। प्रायः वे ही लक्ष्य को भूल जाते हैं और अपनी ही सुख-सुविधा की ओर ज़्यादा ध्यान देने लगते हैं।

भारतवर्ष सदा कानून को धर्म के रूप में देखता आ रहा है। आज एकाएक कानून और धर्म में अंतर कर दिया गया है। धर्म को धोखा नहीं दिया जा सकता, कानून को दिया जा सकता है। यही कारण है कि जो लोग धर्मभीरू हैं, वे कानून की त्रुटियों से लाभ उठाने में संकोच नहीं करते।

(i) देश के कोटि-कोटि दरिद्रजनों की हीन अवस्था को दूर करने के लिए क्या-क्या व्यवस्था है ?

(क) कई सुविधाएँ दी गई हैं (ख) अनेक कायदे कानून बनाए गए हैं ?

(ग) बैंक से ऋण दिया जाता है (घ) मुफ्त में खाना खिलाया जाता है

(ii) किन लोगों का मन सब समय पवित्र नहीं होता है ?

(क) जो हँसी मजाक और दूसरों को हमेशा उल्लू बनाने में लगे हैं।

(ख) जो कृषि उद्योग और वाणिज्य की स्थिति को अधिक उन्नत बनाने में लगे हैं।

(ग) जो शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति को अधिक सुचारू बनाने के लक्ष्य से प्रेरित है।

(घ) ख और ग दोनों।

(iii) भारत वर्ष कानून को सदा किस रूप में देखते आ रहा है।

(क) धर्म के रूप में (ख) अधर्म के रूप में

(ग) सत्य के रूप में (घ) असत्य के रूप में



https://www.evidyarthi.in/

(iv) लेखक के अनुसार किसे धोखा नहीं दिया जा सकता है ?

(क) कानून को (ख) धर्म को

(ग) ज्ञान को (घ) मित्र को

(v) धर्मभीरू लोग किससे लाभ उठाने में संकोच नहीं करते हैं ?

(क) अधिकारियों की चापलूसी से (ख) व्यापारियों की वस्तुओं से

(ग) निर्धनों की सुविधाओं से (घ) कानून की त्रुटियों से

प्र04 पाठ्य पुस्तक से दी गई काव्य पंक्तियों को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए:- (1x5=5)

पक्षी और बादल,
ये भगवान के डाकिए हैं,
जो एक महादेश से
दूसरे महादेश को जाते हैं।
हम तो समझ नहीं पाते हैं
मगर उनकी लाई चिट्ठियाँ
पेड़, पौधे, पानी और पहाड़
बाँचते है

(i) कवि ने 'भगवान के डाकिए' किसे कहा है ?

(क) घोड़ा को (ख) हाथी को

(ग) बंदर को (घ) पक्षी और बादल को

(ii) पेड़, पौधे, पानी और पहाड़ क्या बाँचते हैं ?

(क) चिट्ठियाँ (ख) किताबें

(ग) अखबार (घ) कविता

(iii) एक महादेश से दूसरे महादेश को कौन जाते हैं ?

(क) आदमी (ख) भगवान के डाकिए

(ग) पानी (घ) पंखा

(iv) भगवान के डाकिए की लाई चिट्ठियाँ कौन बाँचता है ?

(क) कोयल(ख) कौआ

(ग) हम (घ) पेड, पौधे, पानी और पहाड़

(v) इस कविता के कवि का नाम लिखिए -



https://www.evidyarthi.in/

(क) रामधारी सिंह दिनकर (ख) भगवती शरण वर्मा

(ग) अटल बिहारी वाजपेयी (घ) नरोत्तम दास

प्र05 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-
(2x4=8)

(i) वस्तु विनिमय क्या है ? वस्तु विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है ?

(ii) लेखक को गांधी जी के असहयोग और सविनय अवज्ञा आंदोलन की याद क्यों हो आई ?

(iii) कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है ?

(iv) नहीं, यह सबसे कठिन समय नहीं !' कवयित्री ने ऐसा क्यों कहा है ?

(v) चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है ? वह तिनकों का क्या करती होगी ? लिखिए।

प्र06 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-
((2x3=6)

(i) अहमदनगर के किले के साथ कौन सी ऐतिहासिक घटना जुड़ी हुई है ?

(ii) सिन्धु घाटी की सभ्यता के नष्ट होने के कौन-कौन से कारण थे ?

(iii) नेहरू जी कुंभ के स्नान पर्व पर हैरान क्यों हुए थे ?

(iv) तक्षशिला विश्वविद्यालय की विभिन्न संस्कृतियाँ एकदूसरे के समीप कैसे आई थीं ?

प्र07 निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए:-
(1x12=12)

I. हमारे देश के उत्तर में हिमालय एक प्रहरी की भाँति खड़ा है। इस वाक्य में कौन-सा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा है ?

(क) देश (ख) प्रहरी

(ग) हिमालय (घ) खड़ा है

II. दिए गए शब्दों में कौन-सा शब्द बहुवचन का सही रूप है ?

(क) दिशायों (ख) लडकीयाँ

(ग) नागरिकाओं (घ) परिस्थितियों

III. दिए गए शब्दों में किसमें विशेषण-विशेष्य का सही सम्बन्ध है ?

(क) विस्तृत भूभाग (ख) अमन चैन

(ग) गुण दोष (घ) खेती बाड़ी



https://www.evidyarthi.in/

IV. दिए गए शब्दों में किस शब्द की वर्तनी सही है ?

(क) परिक्षा (ख) विपती

(ग) विरुद्ध (घ) भूगोलिक

V. तुलसीदास द्वारा रामचरित मानस की रचना की गयी है। रेखांकित में कौन-सा कारक है ?

(क) कर्म कारक ख) सम्बन्ध कारक

ग) सम्प्रदान कारक घ)करण कारक

VI. निम्नलिखित शब्दों में से जातिवाचक संज्ञा चुनिए:-

(क) प्रेम (ख) अध्यापक

(ग) अपनापन (घ) हिंद महासागर

VII. प्रत्यूष आजकल ध्यानपूर्वक पढ़ता है 'में संज्ञा शब्द कौन-सा है-

(क) आजकल (ख) ध्यानपूर्वक

(ग) प्रत्यूष (घ) पढ़ता है

VIII. मनुष्य को अपनी मनुष्यता नहीं खोनी चाहिए- वाक्य में भाववाचक संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए:-

(क) मनुष्य (ख) अपनी

(ग) मनुष्यता (घ) खोनी चाहिए

IX. विद्यालय शब्द का संधि विग्रह कीजिए।

(क) विद्या + अलाय (ख) विद्या + आलाय

(ग) विद्या + आलय (घ) विद्या + अलाया

X. जिसका अंत न हो वाक्यांश के लिए एक शब्द बताइए |

(क) अंतिम (ख)प्रारंभ

(ग) अनंत (घ) अंततः

XI. उदार का विलोम शब्द बताइए

(क) अनुदार (ख) दयालु

(ग) उपकारी (घ) वीर

XII <u>**रामचरितमानस**</u> हिन्दुओं का धार्मिक ग्रन्थ है रेखांकित संज्ञा का भेद बताइए -

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा (ख) जातिवाचक संज्ञा

(ग) भाववाचक संज्ञा (घ) समूहवाचक संज्ञा



https://www.evidyarthi.in/

प्र08 निम्नलिखित में से किन्हीं एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए:-
(1x5= 5)

फीस माफी हेतु अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

अथवा

मित्र को अपने जन्मदिन पर आमंत्रित करने के लिए पत्र लिखिए।

प्र09 निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:- (1x5= 5)

(क) मेरा सबसे प्यारा त्योहार

(ख) विज्ञान के चमत्कार

(ग) आजादी का अमृत महोत्सव

प्र०10 पर्यावरण संरक्षण पर दो मित्रों के बीच हुई बातचीत पर एक संवाद लिखिए
(1x4=4)

अथवा

मेट्रो में यात्रा कर रहे दो यात्रियों के मध्य हुई बातचीत को संवाद रूप में अपने शब्दों में लिखिए |



https://www.evidyarthi.in/